NYC के भोजन डिलीवरी प्राप्त करें (NYC Get Food) अभियान में भाग लेने वाले ड्राइवरों के लिए दिशानिर्देश

न्यूयॉर्क वासियों को भोजन की डिलीवरी करने के लिए साइन अप करने के लिए धन्यवाद। इस कार्यक्रम में आपकी प्रतिभागिता इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान हमारे शहर को अधिक सुरक्षित बनाती है तथा उसे इस प्रतिकूल समय से बाहर निकालती है।

निम्नलिखित निर्देश आपको अपने असाइनमेंट को पूरा करने और अपना भुगतान समयबद्ध रूप से प्राप्त करने में सहायता करेंगे।

NYC भोजन प्राप्त करें (NYC Get Food) कार्यक्रम के लिए डिलीवरी करते हुए अपने दिन की शुरुआत कैसे करें

आपके लिए कोई NYC भोजन वितरण साइट से एक पिकअप निर्धारित किया जाएगा। अपने निर्धारित चेक-इन समय पर अपने वाहन को उस साइट पर ले जाएं। जब आप लाइन में सबसे आगे पहुँचते हैं।

1) कार से तब तक बाहर न निकलें जब तक साइट पर स्टाफ द्वारा ऐसा करने का निर्देश न दिया जाए। उन ड्राइवरों को मास्क, दस्ताने और हैंड सेनेटाइज़र दिया जाएगा जिन्हें इन चीज़ों की जरूरत है। गर्वनर Cuomo के कार्यकारी आदेश का पालन करते हुए कृपया इन दिये गये मास्क को पहनें या किसी और कपड़े से चेहरे को कवर करें।
2) अपना TLC ड्राइवर लाइसेंस दिखाने के लिए तैयार रहें।
3) उस साइट पर मौजूद कर्मचारी आपको उस दिन के लिए निर्धारित आपकी डिलीवरीज़ के लिए एक "रन शीट" (Run Sheet) देंगे और आपको सूचित करेंगे कि आपको प्रत्येक पते पर कितने भोजन डिलीवर करने हैं। यह शीट गुम न करें – आपको इसे दिन खत्म होने पर वापस करना होगा।
4) ट्रंक खोलें जिससे स्टाफ भोजन लोड कर सके।
5) जब साइट पर मौजूद स्टाफ आपको जाने का संकेत करता है, तब अपने डिलीवरी पतों की तरफ बढ़ें।

अपनी डिलीवरीज़ कैसे करें

1) अपने सारे डिलीवरी पतों की समीक्षा करें और अपने मार्ग की योजना बनाएं। प्रत्येक पते पर जाते हुए सुरक्षित रूप से वाहन चलाएं।

2) जब आप डिलीवरी पते पर पहुँच जाएं, तब अपनी कार पार्क कर दें।
3) किसी पते पर भोजन डिलीवर करते समय, आप निम्नलिखित स्थानों पर 10 मिनटों तक अपना TLC-लाइसेंसयुक्त वाहन पार्क कर सकते हैं:
   - पार्किंग निषेध क्षेत्र
   - मीटर-युक्त पार्किंग क्षेत्र (आपको मीटर पर समय खरीदने की आवश्यकता नहीं है)
   - ट्रक को लोड करने के क्षेत्र
4) आप द्वारा पार्क करने के बाद, निम्नलिखित की पुष्टि करने के लिए अपनी रन शीट (Run Sheet) की जाँच करें:
   - उन भोजनों की संख्या जिन्हें आपको पते पर डिलीवर करना है (यह अलग-अलग होगी)
   - क्या ग्राहक आपको पटरी पर मिल सकता है या नहीं मिल सकता है
   - डिलीवरी संबंधी किन्हीं भी निर्देशों पर ध्यान दें (खराब हुए बज़र, तालाबंद गेट, आदि)
5) ग्राहक को यह सूचित करने के लिए कॉल करें कि उनकी डिलीवरी आ चुकी है। वे आपको इस बारे में अतिरिक्त निर्देश दे सकते हैं कि इमारत में कैसे प्रवेश करें और उनका अपार्टमेंट कैसे खोजें। उन्हें आपको इमारत में बज़र द्वारा अंदर आने देने की आवश्यकता हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो:
   - इमारत में प्रवेश करते समय मास्क और दस्ताने पहनें
   - सामाजिक दूरी बनाए रखें – कम से कम छह फीट की दूरी रखें
   - जब आप ग्राहक के घर के दरवाजे तक पहुंचते हैं, तो घंटी बजाएँ या दरवाजा खटखटाएँ और बताएँ कि आप, "NYC Get Food Delivery" (NYC भोजन डिलीवरी प्राप्त करें) से आएँ हैं
   - ग्राहक के दरवाज़ा खोलने से पहले, भोजन को दरवाज़े पर छोड़ दें और कम से कम छह फीट की दूरी पर चले जाएँ
   - जब ग्राहक दरवाजा खोले तो अपना हाथ हिलाएँ और अपनी अगली डिलीवरी की ओर बढ़ें

6) अपनी डिलीवरी को पूरी हुई के रूप में चिह्नित करें।

यदि आप ग्राहक तक नहीं पहुँच सकते, तो क्या करना चाहिए

1) ग्राहक के फोन पर कम से कम दो बार कॉल करने का प्रयास करें।
2) यदि आप ग्राहक के अपार्टमेंट (यूनिट) के दरवाज़े तक पहुँच सकते हैं, तो आपको दरवाज़े की घंटी बजानी चाहिए। यदि ग्राहक दरवाज़ा नहीं खोलता, तो आप भोजन को दरवाज़े पर छोड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में, अपनी रन शीट (Run Sheet) में एक नोट लिखें कि आपने ग्राहक को फोन किया, उसने फोन नहीं उठाया या दरवाज़ा नहीं खोला लेकिन आपने बहरहाल उसके लिए भोजन दरवाजे पर छोड़ दिया।

3) यदि आप फोन द्वारा ग्राहक से संपर्क नहीं कर पाते और इमारत में प्रवेश नहीं कर सकते, तो आप अपनी रन शीट (Run Sheet) पर डिलीवरी को “not complete” (पूरा नहीं हुआ) के रूप में चिह्नित कर सकते हैं और इसे पूरा न कर पाने का कारण लिख सकते हैं और अतिरिक्त भोजन अपनी पाली के अंत में लौटा सकते हैं।

पाली के अंत में क्या करें

1) आपके अपनी पाली को पूरा करने के बाद, भोजन वितरण साइट पर वापस आएं (वही साइत जहाँ आपने अपनी पाली शुरू की थी)।
2) आपको अपनी रन शीट (Run Sheet) साइट पर स्टाफ को लौटा देनी चाहिए जिससे आपके दिन को पूरा हुआ के रूप में चिह्नित किया जा सके और आपको भुगतान किया जा सके।
3) साइट पर मौजूद स्टाफ आपकी रन शीट (Run Sheet) के एक भाग पर हस्ताक्षर करेगा और आपको इसे आपके रिकॉर्ड के लिए वापस दे देगा। इस रसीद को संभालकर रखें।

आपको भुगतान कैसे किया जाएगा

रविवार, 26 अप्रैल से शुरु करते हुए, सारे ड्राइवर जो NYC Get Food” (NYC भोजन प्राप्त करें) के लिए भोजन डिलीवर करते हैं, उन्हें जिस रूट पर निर्दिष्ट किया गया है, उस प्रत्येक रूट शीट के लिए $53 दिए जाएँगे। प्रत्येक रूट शीट में छह से अधिक पते नहीं होंगे। ड्राइवर अगर चाहें तो हरेक ट्रिप में कई रूट शीट्स ले सकते हैं या यदि रूट्स उपलब्ध हैं, तो वे एक दिन में कई ट्रिप्स लगा सकते हैं। ज़्यादातर रूट्स उसी बोरो में होंगे, जो उन्हें निर्दिष्ट किया जाता है, लेकिन कोई भी ऐसे रूट जो ब्रुकलिन या क्वींस से होकर ब्रोंक्स में जाते हैं, उन्हें Triboro Bridge टोल्स के लिए भी प्रतिपूर्ति की जाएगी और जो रूट्स Verrazzano Bridge से होकर गुजरते हैं, उन्हें भी उस टोल की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

भुगतान एक कार्य सप्ताह के आधार पर संसाधित किये जाएंगे जो रविवार से शनिवार तक चलता है, और चेक आगामी शनिवार तक डाक से आएगा। यदि आपने मार्गों को पूरा कर लिया है, तो न्यूयॉर्क शहर से डाक में आने वाले एक लिफाफे पर नज़र रखें, इस लिफाफे में आपका चेक होगा। इस कार्यक्रम के पहले सप्ताह के दौरान पूरे किए गये मार्गों के लिए भुगतान 10 अप्रैल को डाक से भेज दिए गए थे। इस कार्यक्रम के दूसरे सप्ताह के लिए भुगतान 20 अप्रैल को डाक से भेज दिए गए थे। सिटी आने वाले सप्ताहों में एक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान समाधान लागू करने जा रही है जो ड्राइवरों को हर हफ्ते अपने फंड तक पहुंचने देगा।

अगर मेरी तनख्वाह के चेक में कोई गलती है तो मैं क्या करूं?

NYC ड्राइवरों को उनके काम के लिए उचित भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि आप मानते हैं कि आपके भुगतान में कोई गलती हुई है, तो हम आपके दावे का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करेंगे और ऐसे कोई भी सुधार करेंगे जो ज़रूरी होंगे।

भुगतान शिकायत दर्ज करने के लिए कृपया इस फॉर्म का उपयोग करें:
https://www1.nyc.gov/site/em/resources/contact-getfoodnyc-program.page

- सभी आवश्यक क्षेत्र भरें और चुनें "I am a TLC driver with a question"(मैं एक टीएलसी ड्राइवर हूं जिसका एक सवाल है)
- टिप्पणी क्षेत्र में, दावा दर्ज करते समय निम्नलिखित जानकारी शामिल करना सुनिश्चित करें
  - आपका टीएलसी नंबर
  - वह तारीख या तारीखें जब आपने भोजन पहुंचाने का काम किया
  - रूट आईडी नंबर जहाँ आपने भोजन पहुंचाया था (आप इसे अपनी रसीद पर देख सकते हैं)
  - कोई भी अन्य जानकारी जो आप मानते हैं, आपके दावे के लिए महत्वपूर्ण है

आपके द्वारा अपना दावा प्रस्तुत करने के बाद, हम आपको आगे की जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं जैसे स्कैन या किसी भी मार्ग रसीदों की तस्वीरें जो आपके पास हो सकती हैं। अपने मार्ग की मूल रसीदों को सेव करना याद रखें।